MPS

राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

सत्रीय कार्य

एम.ई.डी.–002 : सतत् विकास : मुद्दे और चुनौतियाँ

(एम.ए. द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए)

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र के लिए

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

वैकल्पिक पाठ्यक्रम : एम.ए. द्वितीय वर्ष (राजनीति विज्ञान)

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में दिया गया है कि इस शैक्षिक सत्र से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आपको एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा। प्रत्येक सत्रीय कार्य में वर्णनात्मक और लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों (डी.सी.क्यू.) का तात्पर्य प्रस्तावना और निष्कर्ष के साथ निबंधात्मक उत्तरों के रूप में लिखने हैं। इनका उद्देश्य विषय के बारे में आपकी समझ/ज्ञान को व्यवस्थित, प्रासंगिक और सुसंगत रूप से विश्लेषण करने की योग्यता की जाँच करना है। लघु श्रेणी के प्रश्न (एस.सी.क्यू.) आपसे अपेक्षा रखते हैं कि आप पहले विषय को तर्कों और व्याख्याओं के आधार पर विश्लेषित करें और फिर उत्तरों को संक्षेप में लिखें। इनका उद्देश्य अवधारणाओं और प्रक्रियाओं की आपकी समझ और समलोचनात्मक विश्लेषण की क्षमता की जाँच करना है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य) के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने ही शब्दों में लिखें। आपके उत्तर संबंधित भाग के लिए निर्धारित की गई शब्द–सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखिए, सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन शैली में सुधार होगा और यह आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

इस पुस्तिका में, हमने एम.ए. (राजनीति विज्ञान) के द्वितीय वर्ष में उपलब्ध सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्यों को सम्मिलित किया है। आपको केवल उन्हीं सत्रीय कार्यों को करना होगा जिन पाठ्यक्रम के लिए आप पंजीकृत हैं और शेष सत्रीय कार्यों को छोड़ देना होगा।

प्रस्तुतीकरण : आपको सत्रांत परीक्षा देने के पात्र होने के लिए निर्धारित अनुसूची के भीतर सभी सत्रीय कार्यों को जमा करना होगा। पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार जमा कराएँ:

अनुसूची

सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	किसके पास जमा करें
जुलाई 2025 सत्र के लिए	**31 मार्च 2026**	**अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करें।**
जनवरी 2026 सत्र के लिए	**30 सितम्बर 2026**	

जमा कराए गए सत्रीय कार्यों को अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा कराएँ। जमा कराए गए सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त कर लें और उसे अपने पास संभाल कर रखें। अगर संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोप्रति भी अपने पास रखें।

सत्रीय कार्यों को मूल्यांकन के पश्चात् अध्ययन केन्द्र आपको वापस कर देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। अध्ययन केन्द्र द्वारा अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पास भेजना होता है।

शुभकामनाओं के साथ,

एम.ई.डी.–002 : सतत् विकास : मुद्दे और चुनौतियाँ

सत्रीय कार्य

(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः एमईडी-002
सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी / टीएमए / 2025–2026
पूर्णांकः 100

सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक दाई और कोष्ठक में दर्शाए गए हैं। कृपया उत्तर अपने शब्दों में दें।

1. सतत् विकास के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों की व्याख्या कीजिए? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। (10)

2. औद्योगीकरण में सतत् विकास के नुकसानों पर चर्चा कीजिए? उन पर काबू पाने के तरीकों का वर्णन कीजिए। (10)

3. अंतर–पीढ़ीगत और अंतर–पीढ़ीगत समानता और न्याय के बीच अंतर कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों के साथ उदाहरण देकर चर्चा कीजिए कि लैंगिक असमानता कैसे हो सकती है?

4. प्राकृतिक संसाधनों का सतत् उपयोग सतत् विकास हासिल करने में कैसे मदद कर सकता है? (10)

5. पर्यावरण से संबंधित विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा कीजिए, सतत् विकास प्राप्त करने के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कि गई पहल का आकलन कीजिए। (10)

6. असमानता को दूर करने के लिए विभिन्न राज्य और स्थानीय विकास पहलों का वर्णन कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। (10)

7. **निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिए।** (5X4=20)
   - क) सतत् विकास पर समुदाय आधारित नागरिक समाज पहल।
   - ख) टिकाऊपन के लिए वैज्ञानिक और पारंपरिक ज्ञान का एकीकरण विकास।
   - ग) सतत् कृषि पद्धतियाँ।
   - घ) जल और ऊर्जा संसाधनों के सतत् विकास में नवीन अभ्यास।

8. **निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिए।** (5X4=20)
   - क) सहकारिता और सतत् विकास
   - ख) सतत् आजीविका
   - ग) दक्षिण एशियाई देशों की बेहतरी की दिशा में पहल पर्यावरण
   - घ) टिकाऊ और गैर–टिकाऊ गतिविधियाँ